प्रेषक,

राम दयाल,
प्रधान न्यायाधीश, (पाक्सो अधिनियम),
जनपद बरेली।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद बरेली।

विषयः— विलम्ब से सम्पत्ति विवरण भेजे जाने के सम्बन्ध में—

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 23.12.2003 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में पदभार ग्रहण किया गया है तथा उसी समय से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समयावधि में चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित किया जाता रहा है, परन्तु इलाहाबाद में तैनाती के दौरान समय से फार्म—16 निर्गत न किये जाने के कारण एवं कार्य की व्यस्तता एवं वैश्विक महामारी के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर प्रेषित नहीं कर सका। माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र दिनांकित 03.12.2021 के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015 से 2021 तक का सम्पत्ति विवरण प्रेषित किया जा रहा है।

अतः विलम्ब से प्रेषित सम्पत्ति विवरण के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है। प्रार्थी भविष्य में माननीय उच्च न्यायालय की समयावधि के अंदर सम्पत्ति का विवरण प्रेषित करता रहेगा।

सम्मान सहित।

भवदीय,

(राम दयाल)
प्रधान न्यायाधीश, (पाक्सो अधिनियम),
जनपद बरेली।

दिनांकः—18.12.2021